NBT PAGE 6

# लविवि : यूजी-पीजी फाइनल सेमेस्टर एग्जाम का शेड्यूल तय

**14 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चलेंगी पीजी के फाइनल सेमेस्टर परीक्षाएं**

■ एनबीटी, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को यूजी और पीजी के फाइनल सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। एलयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एएम सक्सेना के मुताबिक परीक्षाएं 14 सितंबर से छह अक्टूबर के बीच होंगी।

**यह है शेड्यूल**

- एमबीए : 14 सितंबर से 23 सितंबर
- एमकॉम(ओल्ड व न्यू कोर्स) : 28 सितंबर से पांच अक्टूबर
- एमकॉम (एप्लाइड इक्नॉमिक्स) : 28 सितंबर से छह अक्टूबर
- एमए हिन्दी 28,29,30 सितंबर
- एमए इकॉनमिक्स : 28 सितंबर से पांच अक्टूबर
- बीजेएमसी : 21 व 22 सितंबर
- एमजेएमसी : 28 व 29 सितंबर
- एमए इंग्लिश 28,29,30 सितंबर
- बीए ऑनर्स इकॉनमिक्स : 28 सितंबर से पांच अक्टूबर

विस्तृत जानकारी एलयू की वेबसाइट देख सकते हैं।



## आज से खुल जाएगी टैगोर लाइब्रेरी

■ एनबीटी, लखनऊ : एलयू स्टूडेंट्स के लिए टैगोर लाइब्रेरी खोल दी गई है। स्टूडेंट्स बुधवार से लाइब्रेरी के वाचनालय कक्ष की सुविधा का लाभ ले सकेंगे। यह कक्ष सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलेगा। पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो.कमल कुमार ने बताया कि स्टूडेंट्स को कोविड -19 के प्रोटोकॉल का पालन करना होगा।



AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

## पीजी परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक के बाद परास्नातक पाठ्यक्रमों के कार्यक्रम में भी बदलाव कर दिया है। यह बदलाव शनिवार और रविवार को होने वाले लॉकडाउन की वजह से किया गया है। विद्यार्थी लखनऊ विवि की वेबसाइट पर जाकर अपना नया परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। इससे पहले लविवि ने स्नातक के साथ ही एलएलबी, बीयूएमएस, बीजेएमसी जैसे पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम बदला है। नया परीक्षा कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## आज से खुलेगा टैगोर पुस्तकालय

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय का टैगोर पुस्तकालय मंगलवार से विद्यार्थियों के लिए खुल जाएगा। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर अवैतनिक पुस्तकालय अध्यक्ष प्रो. कमल कुमार ने इसका आदेश जारी कर दिया है। विद्यार्थी कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए वाचनालय का लाभ उठा सकते हैं।

HINDUSTAN PAGE 8

# राहत: आज से खुलेंगे टैगोर लाइब्रेरी के वाचनालय कक्ष

**लविवि**

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्यविद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के लिए टैगोर पुस्तकालय खोल दिया गया है। वह बुधवार से वाचनालय कक्ष की सेवा का लाभ उठा सकेंगे। यह सेवा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध रहेगी। पुस्तकालयाध्याक्ष प्रो.कमल कुमार ने बताया कि सभी छात्र छात्राएं कोविड -19 के प्रोटोकॉल व सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करते हुए पुस्तकालय का उपयोग कर सकते हैं। मास्क के बिना पुस्तकालय में प्रवेश वर्जित है।

**छात्रावासों में लौट रहे छात्र**

उधर, आगामी 7 सितंबर से शुरू हो रही वार्षिक परीक्षाओं के मद्देनजर छात्रावासों में छात्र वापस लौटने लगे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सभी छात्रावासों में संक्रमण के मद्देनजर सुरक्षा के उपाय किए जाने के दावे किए गए हैं। हालांकि सुभाष छात्रावास के कई छात्रों की ओर से थर्मल स्क्रीनिंग से लेकर सैनिटाइजेशन जैसी व्यवस्था न किए जाने की भी शिकायतें सामने आई। यहां छात्रों ने पीने के पानी को लेकर भी शिकायत की।

**बाहरी व्यक्ति आया तो छात्र बाहर**

कोरोना संक्रमण को देखते हुए विश्वविद्यालय ने छात्रावासों में बाहरी लोगों के प्रवेश पर पूरी तरीके से प्रतिबंध लगा रखा है। मंगलवार को कई बाहरी छात्र यहां घूमते नजर आए। इस पर विश्वविद्यालय ने कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है अब अगर किसी छात्र से कोई बाहरी व्यक्ति छात्रावास के अंदर मिलने आया तो उस छात्र को भी बाहर कर दिया जाएगा। कोरोना संक्रमण को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

# पीजी में परीक्षा कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने मंगलवार को परास्नातक के कई पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। ज्यादातर विषयों की परीक्षाएं सितंबर के दूसरे और तीसरे सप्ताह में शुरू होंगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 23 सितंबर तक होगी। एमकॉम चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितंबर से पांच अक्टूबर तक, एमकॉम (एप्लाइड इक्नॉमिक्स) चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितंबर से छह अक्टूबर। इनके साथ अन्य विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

PIONEER PAGE 3

# लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा संपन्न

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में मंगलवार को पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2019 बगैर किसी गड़बड़ी के शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई। कोरोना के मद्देनजर परीक्षा शुरू होने से पूर्व अभ्यर्थियों के टेम्परेचर इंफ्रेरेड थर्मामीटर के जरिये चेक किये गए। उसके बाद ही स्टूडेंट्स को परीक्षा हॉल में बैठाया गया। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक विभिन्न विभागों के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षाएं 2 सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में 887 आवेदकों में से कुल 566 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और दूसरे सत्र में 939 आवेदकों में 612 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि लॉक डाउन के पूर्व मार्च 16 और 17 को हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं में कुल 869 और 2567 आवेदकों में से क्रमशः 691 और 2019 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे। प्रथम सत्र में विज्ञान संकाय के कई विभागों की और दूसरे सत्र में विधि, शिक्षा और फाइन आर्ट्स संकाय की प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई।

AMRIT VICHAR PAGE 2

# लविवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा से 648 छात्र रहे अनुपस्थित

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अलग-अलग विभागों के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम सत्र में 887 आवेदकों में से कुल 566 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और दूसरे सत्र में 939 आवेदकों में 612 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। इस तरह से कुल 648 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी है। इससे पहले पूर्व में मार्च 16 और 17 को हुई पीएचडी प्रवेश परीक्षाओं में कुल 869 और 2567 आवेदकों में से क्रमशः 691 और 2019 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे थे। दोनों सत्रों में परीक्षा सकुशल सम्पन्न हुई। प्रथम सत्र में विज्ञान संकाय के कई विभागों की और दूसरे सत्र में विधि, शिक्षा और फाइन आर्ट्स संकाय की प्रवेश परीक्षा संपन्न कराई गई।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 5



**लविवि में पीएचडी की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न :** गत मार्च महीने में छूटी पीएचडी की प्रवेश परीक्षा-2019 मंगलवार को संपन्न हो गई। यह परीक्षा पहले मार्च महीने के द्वितीय सप्ताह में होनी थी लेकिन लॉकडाउन के चलते स्थगित कर दिया गया था। लविवि के प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल मिश्रा ने वताया कि 492 सीटों पर करीव 5000 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन फार्म भरा था। प्रथम सत्र में 887 आवेदकों में से कुल 566 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए तथा दूसरे सत्र में 939 आवेदकों में 612 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।